उत्तर प्रदेश शासन
परिवहन अनुभाग-3
संख्या-25/591/30-3-14-52जीई/2012
लखनऊ, दिनॉक 03 मार्च, 2014

कार्यालय-आदेश

परिवहन अनुभाग-3 की विज्ञप्ति/नियुक्ति संख्या-1374/30-3-2013-52जीई/2012, दिनॉक 07-06-2013 द्वारा श्री रामकृपाल उपाध्याय को अपर परिवहन आयुक्त के पद पर पदोन्नति प्रदान करते हुए अपर परिवहन आयुक्त (आईटी), मुख्यालय के पद पर तैनात किया गया था तथा परिवहन अनुभाग-3 के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-3588/30-3-2013-52जीई/2012, दिनॉक 13-12-2013 द्वारा उक्त पदोन्नति को अस्वीकार (फारगो) करते हुए उन्हें उप परिवहन आयुक्त (परिक्षेत्र), मेरठ के पद पर बनाये रखे जाने के अनुरोध को अस्वीकार करते हुए उन्हें प्रोन्नति के पद पर कार्यभार ग्रहण करने हेतु निर्देशित किया गया है।

2- उक्त पदोन्नति को अस्वीकार (फारगो) करते हुए उप परिवहन आयुक्त (परिक्षेत्र), मेरठ के पद पर ही बनाये रखे जाने के सम्बन्ध में पुन: प्राप्त श्री रामकृपाल उपाध्याय के प्रार्थना-पत्र दिनॉक 19-02-2014 पर सम्यक् विचारोपरान्त उनकी पारिवारिक परिस्थितियों के दृष्टिगत उपरिसन्दर्भित आदेश दिनॉक 07-06-2013 एवं 13-12-2013 को अवक्रमित करते हुए उपरोक्त पदोन्नति को अस्वीकार (फारगो) करने के अनुरोध को स्वीकार करते हुए उन्हें उप परिवहन आयुक्त (परिक्षेत्र), मेरठ के पद पर बनाये रखे जाने एवं श्री अरविन्द कुमार पाण्डेय, उप परिवहन आयुक्त (परिक्षेत्र), मेरठ को मुख्यालय, लखनऊ में तैनात किये जाने की एतद्द्वारा स्वीकृति प्रदान की जाती है।

कृपया उपरोक्त आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाये।

ह0
(कुमार अरविन्द सिंह देव)
प्रमुख सचिव।

संख्या-25/591(1)/30-3-2014, तददिनॉक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
2- सम्बन्धित मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी (द्वारा परिवहन आयुक्त)।
3- अपर परिवहन आयुक्त (प्रशासन), उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
4- सम्बन्धित कोषाधिकारी/वरिष्ठ कोषाधिकारी (द्वारा परिवहन आयुक्त)।
5- सम्बन्धित उप परिवहन आयुक्तगण।
6- निजी सचिव, मा0 परिवहन मंत्री जी।
7- वैभागिक आदेश पुस्तिका।

आज्ञा से,
ह0
(संतोष कुमार रावत)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in